## एक नजर में

### श्रमिक अधिकारों को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

**सरदारपुर।** साक्षरता विधि समिति सरदारपुर के द्वारा श्रम दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया पावर्स सीमेंट सीमेंट ईट एवं ब्लॉक फैक्ट्री एवं भवन निर्माण मजदूर एवं अन्य दैनिक मजदूर को जिला अपर न्यायाधीश श्री हेमंत यादव साहब ने श्रम कानून की जानकारी देते हुए श्रमिकों को उनके हित में मिलने वाली सुविधा तथा श्रमिकों के अधिकार के बारे में जागरूकता शिविर किया तथा उद्योग एवं लघु उद्योग भवन एवं कर्मकार निर्माण मजदूर को समय पर मजदूरी मिले तथा कार्य स्थल पर पेयजल प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा तथा सुरक्षा जैसे सुविधा सुविधा उपलब्ध की जाए साथ ही समय-समय पर मजदूरों को मजदूरी का भुगतान किया जाए महिला एवं पुरुष को मजदूरी भुगतान दिया जाए तथा श्रम दिवस पर मजदूरों का सम्मान किया जाए क्योंकि देश के विकास में मजदूरों की आम भूमि का होती है कार्यक्रम का संचालन दिलीप वसुनिया एडवोकेट के द्वारा किया गया साथ ही कार्यक्रम में मयंक गर्ग पप्पू यादव मुकेश यादव अमित जाट कृष्ण पाटीदार दिव्यांश विनायक विधि की छात्रा नीलम वसुनिया उपस्थित ब्लॉक पावर्स फैक्ट्री के मजदूर एवं सीमेंट ईट भवन निर्माण के मजदूर उपस्थित हुए

### हादसे में मृतकों के परिजनों को मिलेगी सहायता राशि

**सरदारपुर।** 29 अप्रैल को धार जिले के तिरला मे घटित पिकप हादसे मे मृत 16 ग्रामीणो के परिजनो को विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा 25-25 हजार की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। मृतको मे सरदारपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत सुल्तानपुर के ग्राम नयापुरा के 8, सेमलीपुरा के 4, रामपुरा के 2, ग्राम बालोदा के 1 एवं खुंटपला के 1 निवासी है। विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा मृतको की अंतिम यात्रा मे सम्मिलित होकर परिजनो को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही विधायक ग्रेवाल ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि प्रत्येक मृतको के परिजनो को 10-10 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाए।

### लियाकत पटेल को इंदौर की 5 नंबर विधानसभा का प्रभारी नियुक किया



**धार।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा धार के कांग्रेस नेता लियाकत पटेल द्वारा पूर्व प्रभार क्षेत्र में संगठन के प्रती लगातार सक्रियता के किए गए कार्यों को देखते हुई पुनः लियाकत पटेल को इंदौर की 5 नंबर विधान सभा का प्रभारी नियुक किया ज्ञात हो की लियाकत पटेल वर्तमान में बदनावर विधायक प्रतिनिधि एवं नगर पालिका में पार्षद प्रतिनिधि है ।

### शराब दुकान के विरोध में हाथों में लाठियां लेकर पहुंचीं महिलाएं




**महू.** पीथमपुर रोड पर भाटखेड़ी पंचायत क्षेत्र इन दिनों एक ऐसे विवाद का केंद्र बन गया है, जहां फैसला कागजों में कुछ, तथा जमीन पर कुछ और नजर आ रहा है. चिनार वैली-अदिति विहार और कॉसमॉस कॉलोनी के बीच प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर जिस मुद्दे पर कुछ दिन पहले तक सहमति और आश्वासन की बात हो रही थी, वहां अब मामला फिर टकराव में बदल गया है. कुछ दिन पहले महिलाओं के विरोध के बाद स्थिति गरमा गई थी और चक्काजाम किया गया था. नतीजा यह हुआ कि पांच महिलाओं पर नामजद एफआईआर दर्ज कर दी गई. इसके बाद ठेकेदार की ओर से यह भरोसा दिया गया था कि विवादित स्थान पर शराब दुकान नहीं खोली जाएगी. मामला ठंडा पड़ता दिखा, लेकिन यह शांति सिर्फ दिखावे की साबित हुई. बीती रात अचानक चिनार वैली-अदिति विहार के पास एक कंटेनर लाकर खड़ा कर दिया गया और उसे ही शराब दुकान में तब्दील कर दिया गया. एक छोटी खिड़की से बिक्री शुरू हुई और बाहर बैनर लगाकर इसे वैध देशी कम्पोजिट रूप दे दिया गया. जैसे ही यह खबर फैली तो महिलाओं का गुस्सा फिर फूट पड़ा. करीब 30-40 महिलाएं हाथों में लाठियां लेकर मौके पर पहुंच गईं और विरोध शुरू कर दिया. महिलाओं का साफ कहना है कि यह उनके क्षेत्र की सामाजिक सुरक्षा और परिवारों के भविष्य का सवाल है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता.

### आशा कला केंद्र में नि :शुल्क आर्ट एंड क्राफ्ट क्लासेस आज से

**महू.** भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के आंचलिक कार्यालय महू द्वारा 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए नि:शुल्क आर्ट एंड क्राफ्ट क्लासेस का आयोजन किया जा रहा है. यह कक्षाएं 1 से 15 मई तक आयोजित होंगी. कार्यक्रम का शुभारंभ 1 मई को सुबह 11 बजे आशा कला केंद्र, 330, मेन स्ट्रीट महू में किया जाएगा. उद्घाटन आशा कला केंद्र के अध्यक्ष एवं समाजसेवी योगेश मुंद्रा द्वारा किया जाएगा. संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इन कक्षाओं का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना और उन्हें कला एवं शिल्प के विभिन्न आयामों से परिचित कराना है. इच्छुक विद्यार्थियों से समय पर उपस्थित होकर इस नि:शुल्क प्रशिक्षण का लाभ लेने का आग्रह किया गया है.

### स्तंभ से प्रकट हुए भगवान नृसिंह, गूंजा जयघोष

**महू.** शहर में भगवान श्री नृसिंह प्रगटोत्सव श्रद्धा, आस्था और भक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया गया. मेन स्ट्रीट स्थित श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर एवं सागी स्ट्रीट के गोपाल मंदिर में सुबह से ही विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना का क्रम प्रारंभ हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा. शहर में शाम के समय दोनों मंदिरों में भगवान नृसिंह के प्रकट होने की लीला का भव्य मंचन किया गया. प्राचीन नृसिंह मंदिर में शाम 6.30 बजे प्रतीकात्मक रूप से स्तंभ (दीवार) को तोड़कर भगवान के प्रकट होने का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें नरसिंह भगवान के भेष में अश्वनी शर्मा एवं प्रहलाद के भेष में अंश अंकित विजयवर्गीय थे, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा. वहीं गोपाल मंदिर में शाम 7 बजे भगवान ने भक्तों को दर्शन दिए. इस दौरान भक्त प्रह्लाद की लीला का सजीव मंचन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए. इस अवसर पर भव्य चल समारोह भी निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. जय श्री नृसिंह के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा. मंदिरों के पं. रोशनलाल शर्मा एवं राजेश शास्त्री ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया. महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया. पूरे आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया. मेन स्ट्रीट व्यापारियों द्वारा फलाहारी सिंघाड़े के हलवे का प्रसाद श्रृद्धालुओ को वितरित किया गया.





# श्रमिक दिवस पर श्रमिकों के हाथों रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन

**धार। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रम सम्मान का अद्वितीय संदेश देते हुए धार-महू लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने शुक्रवार को धार को गुणावाद से जोड़ने वाले कनेक्टिंग रेलवे ओवरब्रिज (ब्रिज क्रमांक 217) की पूर्ण हो चुकी एक शाखा पर ट्रैफिक का शुभारंभ कर इसे आमजन की सेवा में समर्पित किया।**

इस विशेष अवसर पर मंत्री ने कार्यक्रम को श्रमिकों को समर्पित करते हुए निर्माण कार्य में लगे आदिवासी श्रमिक भाई-बहनों के हाथों फीता कटवाकर ट्रैफिक प्रारंभ करवाया। श्रमिक दिवस के दिन लिया गया यह निर्णय श्रम के सम्मान, भागीदारी और समर्पण को दर्शाने वाला



प्रेरणादायी उदाहरण बना।

सांसद ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिक राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव होते हैं और उनके परिश्रम से ही विकास के बड़े कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह रेलवे ओवरब्रिज क्षेत्र के यातायात को सुगम बनाने के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी नई गति प्रदान करेगा।

यह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में हो रहे तीव्र विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से ही ऐसे जनहितकारी प्रकल्प समय पर पूर्ण हो रहे हैं और जनता को सीधा लाभ मिल रहा है।

**मंत्री ने हाथों से खिलाई मिठाई :** मंत्री ने इस दौरान श्रमिकों का सम्मान करते हुए उन्हें मिठाई खिलाई तथा उनके अथक परिश्रम की सराहना की। उन्होंने श्रमिक भाई-बहनों के हाथों श्रीफल अर्पित करवाकर उनके योगदान को विशेष रूप से सम्मानित किया और कहा कि श्रमिकों का सम्मान ही सच्चे अर्थों में श्रमिक दिवस की सार्थकता है।

> सांसद ठाकुर ने कहा कि धार क्षेत्र में शीघ्र रेल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वे पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने संबंधित रेलवे अधिकारियों को शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं टिकाऊ सुविधा मिल सके। इस अवसर पर धार विधायक श्रीमती नीना विक्रम वर्मा, क्षेत्रीय ग्रामीणजन, बड़ी संख्या में श्रमिक साथी एवं रेलवे विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने इस अवसर को श्रमिक सम्मान के रूप में मनाते हुए इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। यह रेलवे ओवरब्रिज न केवल यातायात की समस्या को कम करेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के साथ श्रमिकों के सम्मान का भी प्रतीक बनकर उभरेगा।

# जनगणना 2027 के अंतर्गत नगर परिषद ने शुरू किया मकान सूचीकरण कार्य



**सरदारपुर। नगर परिषद सरदारपुर में जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया -**

सुपर वायजर एवं प्रगणकों द्वारा अपने-अपने ॥ख्क में कार्य प्रारंभ करते हुए प्रगणकों द्वारा अपनी ॥ख्क की सीमाओं एवं भवनों की पहचान कर नंबरिंग करते हुए मेप तैयार किया जा रहा है ताकि मकान सूचीकरण कार्य सुगमता से किया जा सके।

जनगणना कार्य के शुभारंभ में पर्यवेक्षक श्री ग्यासुउद्दीन कुरेशी, प्रगणक श्री कैलाशचन्द्र डाबी] श्री अमीर अली जेदी] श्री बी.एस.किरा?] श्री तनवीर हसन कुरेशी] श्रीमति आशा वेष्णव] मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री यशवंत शुक्ला] जनगणना शाखा प्रभारी श्री जितेन्द्र गोखले उपस्थित रहें। मुख्य न.पा.अधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों को जनगणना कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न करने हेतु शुभकामनाए दी गई। पर्यवेक्षक श्री ग्यासुउद्दीन कुरेशी द्वारा सभी प्रगणको को अपना कार्य प्राथमिकता एवं गंभीरता से करने एवं किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल संपर्क करने हेतु निर्देशित किया गया।



# श्रमिक दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**सरदारपुर ।** तहसील विधिक सेवा समिति सरदारपुर द्वारा एक मई श्रम दिवस के उपलक्ष में विधिक साक्षरता शिविर पावर्स सीमेंट , ईंट , भवन निर्माण मजदूर एवं अन्य दैनिक मजदूरों के मध्य आयोजित किया गया । शिविर को तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला जज श्री हेमंत यादव ने संबोधित करते हुए बताया कि श्रमिकों को उनके हित में मिलने वाली क्या क्या सुविधाएं होना चाहिए तथा श्रमिकों के क्या अधिकार है के बारे में विस्तृत जानकारी दी कार्य स्थल पर तेजल सुविधा प्राथमिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा जैसे मौलिक सुविधा उपलब्ध की जाना चाहिए मजदूरी का भुगतान समय पर किया जाना



आवश्यक है इससे उनके दैनिक जीवन पर कोई असुविधा न हो । देश के विकास में मजदूरों का अहम रोल होता है । शिविर का संचालन श्री दिलीप वसुनिया एडवोकेट के द्वारा किया गया इस अवसर पर श्री मयंक गर्ग पप्पू यादव मुकेश यादव अमित जाट कृष्ण पाटीदार दिव्यांश विनायक म्यूजिक छात्रा नेहा वसुनिया आदि एवं श्रमिक उपस्थित थे।

# बी-पैक्स की सदस्यता अभियान जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**धार।** म.प्र. शासन द्वारा घोषित कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में प्रदेश स्तर पर 10 लाख से अधिक नवीन सदस्य बनाने के लक्ष्य निर्धारित किये गये है जिसमें से जिले को 20 हजार नवीन सदस्य बनाने के लक्ष्य प्राप्त हुए है। जिसके अनुक्रम में श्री अभिशेक चौधरी प्रभारी कलेक्टर धार द्वारा सुश्री वर्षा श्रीवास, उपायुक्त सहकारिता एवं बैंक प्रशासक व के. के. रायकवार बैंक




मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिती में निर्धारित लक्ष्यो की पूर्ति के संकल्प के साथ प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई जिससे की जिले के समस्त कृषक बंधुओं तक सदस्यता अभियान की जानकारी प्रसारित हो सके एवं कृषक बंधु जो जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, धार से संबद्ध बहुउ?द्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं की सदस्यता से वंछित है संस्था में अपनी सदस्यता प्राप्त कर शासन की 0त्न ब्याज योजना के साथ अन्य योजनाओं का लाभप्राप्त कर सकें।

**एक नजर में** मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव ने 50 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत भूमि प्रतिफल करने से खुले इंदौर-पीथमपुर इकोनोमिक कॉरिडोर परियोजना के सफलता के रास्ते

# भूमि मुआवजा बढ़ने से इकोनोमिक कॉरिडोर परियोजना को रफ्तार

**धार। इंदौर-पीथमपुर इकोनोमिक कॉरिडोर परियोजना क्षेत्र के समग्र औद्योगिक विकास के साथ-साथ स्थानीय भू-स्वामियों एवं किसानों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने जा रही है। 75 मीटर चौड़ी, 20 किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों ओर 300-300 मीटर में विकसित होने वाली इस परियोजना जिसमें 1300 हेक्टेयर से अधिक भूमि शामिल है तथा इसकी परियोजना लागत 2360 करोड़ है। यह परियोजना न केवल क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करेगी, बल्कि भूमि देने वाले किसानों को प्रत्यक्ष एवं दीर्घकालिक आर्थिक लाभ भी सुनिश्चित करेगी।**

इस परियोजना में शामिल भूमि के विकास की सबसे बड़ी चुनौती थी



आपसी सहमति से भू-स्वामियों से भूमि प्राप्त करना क्योंकि परियोजना में शामिल भूमि शहर के समीप होने से यहाँ की भूमि का बाजार मूल्य अधिक है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस वास्तविक समस्या को समझा गया एवं कृषकों के हित में तत्काल निर्णय लेते हुए भू-स्वामियों को उनके द्वारा समर्पित की गई भूमि के प्रतिफल के रूप में मिलने वाली भूमि को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। यह निर्णय किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहा है और उन्हें इस योजना में स्वेच्छा से अपनी भूमि देने के लिए प्रेरित कर रहा है।

योजना के प्रथम चरण का भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कर कमलों द्वारा भूमि पूजन का कार्यक्रम 03 मई 2026 को दोपहर 12 बजे सेक्टर-ए, इन्दौर पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरीडोर, ग्राम नैनोद, इन्दौर में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रथम चरण की लागत 326.51 करोड़ है।

विकसित भूमि के रूप में मुआवजा मिलने से भू-स्वामियों को भविष्य में अधिक मूल्य प्राप्त होने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही, इस विकसित भूमि का उपयोग वे आवासीय, वाणिज्यिक अथवा अन्य आर्थिक गतिविधियों के लिए कर सकेंगे, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि होगी।

परियोजना के अंतर्गत आधुनिक

> अधोसंरचना, बेहतर कनेक्टिविटी, निवेश एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को भी लाभ मिलेगा। इससे क्षेत्र का समग्र सामाजिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित होगा। जिला प्रशासन एवं एमपीआईडीसी के अधिकारियों द्वारा भी भू-स्वामियों से सतत संवाद स्थापित कर उन्हें योजना के लाभों के बारे में अवगत कराया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और किसान इस महत्वाकांक्षी परियोजना में सक्रिय रूप से भागीदारी कर रहे हैं।